**पाठ संख्या – 1** **वस्तु चित्रण**


## प्रस्तावना

मनुष्य ने ऐसी बहुत सी वस्तुएं बनाई हैं जिनका हम दैनिक जीवन में उपयोग करते हैं। इनमें से कुछ वस्तुएं जैसे पुस्तकें, बर्तन आदि, हमें आसानी से प्राप्त हो जाती हैं। इन वस्तुओं को देखकर उनका वास्तविक चित्र बनाने को चित्रकला में **वस्तु चित्रण** कहते हैं।


## प्रयोग में आने वाली सामग्री

1. ड्राईंग बोर्ड
2. ड्राईंग पेपर
3. ड्राईंग पिन
4. पैन्सिल एच बी (2बी, 4बी, 6बी)
5. रबड़
6. रंग
7. ब्रुश
8. कलर मिक्सिंग प्लेट
9. पुस्तक, बर्तन जैसी निर्जीव वस्तुएं

## वस्तु चित्रण में याद रखने वाले प्रमुख तत्व





### नाप द्वारा अनुपात की अवधारणा



चित्र 1

- चित्र में दिखाए गए अनुसार अंगुलियों में पैंसिल को पकड़ें।
- प्रत्येक वस्तु के आकार के नाप का पैंसिल पर एक निशान निर्धारित करें।
- सीधा बैठें। एक आंख बंद करें, हाथ को कंधे की सीध में रख कर नाप लें।
- वस्तुओं के आकार की लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई के अनुपात के लिए अपने हाथ को लिटा कर या खड़ा कर उनका नाप लें।
- अपने पेपर (कागज) के अनुपात के अनुसार नाप अंकित करें।


## परिदृष्टि के आधारभूत नियमों को जानिए



चित्र 2

- वस्तु चित्रण में परिदृष्टि एक अत्यंत आवश्यक तत्व है।
- वस्तुओं के आकार को छोटा या बड़ा करके उनकी दिशा और स्थिति को दर्शाया जा सकता है।
- कलाकार की ऊंचाई और वस्तु से दूरी के अनुसार क्षितिज रेखा को पेपर के ऊपर या नीचे दर्शाया जा सकता है।


## छाया और प्रकाश के द्वारा आयतन दर्शाना



चित्र 3

- छाया और प्रकाश वस्तुओं के आयतन और वास्तविक रूप को दर्शाता है।
- निर्धारित वस्तु के छाया और प्रकाश के क्षेत्रों का निरीक्षण कर उपयुक्त छायांकन दिखाया जा सकता है।
- प्राथमिक छायांकन और रेखाकंन 2बी पैंसिल द्वारा कर सकते हैं।
- मध्यम और गहरे छायांकन के लिए 4बी और 6बी पैंसिल का प्रयोग करें।
- प्रकाश व छाया के अनुसार ही समरूप छायांकन किया जाए।


## रंगों से सौंदर्य की अनुभूति



चित्र 4


- जल रंगों के प्रयोग से चित्र सुंदर और वास्तविक दिखाई देते हैं।
- पैंसिल छायांकन की तरह जल रंगों को भी हल्के से गहरी छाया या प्रकाश दिखाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं।
- जब वस्तु पर प्रकाश या छाया पड़ती है तो एक ही रंग में विभिन्न प्रकार की संगति (टोन) नजर आती है।
- टोन के कोमल तथा उत्तम मिश्रण के द्वारा वस्तुओं के वास्तविक रूप को दर्शाया जा सकता है।

## वस्तु का रेखांकन और रंग कैसे करें?




इस वस्तु का रेखांकन और चित्रण करना है।

**चरण - 1**





- जिस वस्तु का चित्र बनाना है उस वस्तु को आंख की सतह से नीचे की ओर कुछ दूरी पर किसी सतह पर रखें।
- सर्वप्रथम आधार रेखा खीचें।
- आधार रेखा के बीचों-बीच एक लम्बवत् रेखा बनाएं तथा दोनों तरफ दो रेखाएं जो भी कोण बना रही हैं वैसा ही कोण बनाते हुए रेखा खीचें।

**चरण - 2**



- किताब की ऊंचाई मापने के बाद हम किताब की मोटाई दर्शाने के लिए कोण रेखा के अनुसार समानान्तर रेखा खीचें।

**चरण - 3**



- किताब का आकार पूरा करने के लिए समानान्तर रेखा को कोणीय रेखा के साथ जोड़ें।
- छायाकंन करने के लिए 2बी, 4बी, 6बी पैंसिल का प्रयोग करें।
- छायाकंन में समरूपता रखें।




**क्या आप जानते हैं?**

- निरंतर अभ्यास द्वारा विद्यार्थी किसी भी वस्तु को बना सकता है।
- नाप का मानसिक अवलोकन करके सटीक चित्र बनाया जा सकता है।
- छायाकंन आयतन और वास्तविकता प्रदान करता है।

**स्व-मूल्यांकन**

- ड्राइंग पेपर पर गिलास का चित्र बनाएं।
- एक वस्तु के प्रयोग द्वारा संयोजन दर्शायें।
- विभिन्न माध्यमों की वस्तुओं जैसे शीशा, धातु, लकड़ी इत्यादि का प्रयोग करें।

## मूल्यांकन के उत्तर

| | |
|---|---|
|  चित्र 1 | चरण -1<br>● गिलास का रेखांकन करने के लिए केन्द्र बिन्दु से खड़ी रेखा खीचें। |
|  चित्र 2 | चरण -2<br>● खड़ी रेखा के प्रयोग से गिलास को दो समान हिस्सों में विभाजित करें। |
|  चित्र 3 | चरण -3<br>● घुमावदार रेखाओं के द्वारा गिलास का मुंह एवं सतह को बनाकर चित्र को समाप्त करें। |